बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

का०आ०सं०–भवन–03 / स्था०–विविध–15 / 2025..... / पटना, दिनांक .....

–:: आदेश ::–

मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में हुये बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के नवनियुक्त 07 (सात) कनीय विद्युत अभियंता को विभागीय आदेश संख्या–82–सहपठित ज्ञापांक–2425(भ) दिनांक–11.03.2025 द्वारा मुख्यालय से सीधे स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्त किया गया। उक्त पदस्थापन / प्रतिनियुक्ति आदेश की कंडिका–12 में स्पष्ट रूप से अंकित है कि सभी नवनियुक्त कनीय अभियंताओं का वेतन स्तम्भ–4 में अंकित भवन निर्माण विभाग में योगदान की तिथि से उनके पदस्थापन कार्यालय द्वारा देय होगा।

विभागीय पत्रांक–5117(भ) दिनांक–05.06.2026, स्मार पत्रांक–6575(भ) दिनांक–16.07.2026, स्मार पत्रांक–8075(भ) दिनांक–27.08.2026, पत्रांक–5116(भ) दिनांक–05.06.2026, स्मार पत्रांक–6576(भ) दिनांक–16.07.2026 एवं स्मार पत्रांक–8074(भ) दिनांक–27.08.2026 द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को उक्त प्रतिनियुक्त कनीय विद्युत अभियंता का क्रमशः HRMS पर Onboarding एवं नियुक्ति एवं पदस्थापन के बीच की अवधि का नियमानुसार वेतन भुगतान करने हेतु अनुरोध किया गया, परन्तु नवनियुक्त कनीय अभियंताओं का HRMS Onboarding अबतक नहीं किया जा सका है तथा नियुक्ति एवं पदस्थापन के बीच की अवधि का वेतन भुगतान हुआ है अथवा नहीं, संबंधी सूचना अप्राप्त है।

अतएव स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना में वर्तमान में प्रतिनियुक्त निम्नांकित 07 (सात) नवनियुक्त कनीय विद्युत अभियंता की सेवा अस्थायी रूप से निगम से वापस लेते हुये उन्हें स्तम्भ–3 में अंकित विभाग अन्तर्गत विभिन्न अंचलों / प्रमंडलों में निम्नरूपेण पदस्थापित किया जाता है :–

क्रम संख्या	स्वास्थ्य विभाग में प्रतिनियुक्त कनीय विद्युत अभियंता का नाम	अस्थायी रूप से नवपदस्थापन
1	*2*	*3*
1.	सुश्री / श्रीमती रौली कुमारी	विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–2, पटना
2.	सुश्री / श्रीमती स्नेहा रानी	विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना
3.	श्री प्रितम कुमार सिंह	विद्युत भवन संरचना प्रमंडल, पटना
4.	श्री जितेन्द्र कुमार	विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–1, पटना
5.	श्री प्रिय रंजन प्रसाद	विद्युत भवन संरचना प्रमंडल, पटना
6.	श्री किसलय राज	विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना
7.	श्री मुकेश कुमार	विद्युत भवन संरचना प्रमंडल, पटना

2. सभी कनीय अभियंता दिनांक–06.11.2026 तक संबंधित अंचल / प्रमंडल में योगदान दे देंगे तथा HRMS Onboarding, लंबित वेतन का भुगतान, सेवापुस्त खोलने आदि कार्यों के निष्पादन के उपरांत उन्हें स्वास्थ्य विभाग में योगदान करने हेतु विरमित कर दिया जायेगा।

3. भवन निर्माण विभाग के संबंधित नियंत्री पदाधिकारी उक्त कनीय अभियंताओं का HRMS पर Onboarding हेतु विहित प्रपत्र में सूचना वांछित अभिलेख सहित मुख्यालय को कनीय अभियंता के योगदान के उपरांत अविलंब उपलब्ध कराना एवं उनका सेवापुस्त खोलना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कनीय अभियंताओं के नियुक्ति एवं पदस्थापन के बीच की अवधि का वेतन भुगतान

(यदि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं हुआ हो) तथा निगम से अस्थायी रूप से सेवा वापस लिये जाने एवं कंडिका–2 में अंकित कार्यों के निष्पादन के उपरांत प्रतिनियुक्त निगम/विभाग में योगदान करने हेतु विरमित करने के बीच की अवधि का नियमानुसार वेतन भुगतान करना भी सुनिश्चित करेंगे।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– भवन–03/स्था०–विविध–15/2025.....पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–मुख्य सचिव, बिहार एवं सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक– भवन–03/स्था०–विविध–15/2025-10364(07).पटना, दिनांक– 02.11.2026

प्रतिलिपि–सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव (प्रभारी अराजपत्रित स्थापना)/स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्त सभी कनीय विद्युत अभियंता एवं आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2.11.26
सरकार के अपर सचिव।